सतना | शनिवार | 30 अगस्त 2025 | वर्ष 26 | अंक 356 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navbharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत



5 घुसपैठियों को भारत में घुसने नहीं देंगे : शाह



6 गहन अंतरिक्ष में धातुओं और ऊर्जा की खोज



7 उद्योग जगत को संरक्षण देगी सरकार : गोयल



8 मेसी ने किया इंटरनेशनल कॅरियर से रिटायरमेंट का इशारा!

# भारत में जापान करेगा भारी निवेश

**10** ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश की घोषणा की | **21** वीं सदी की सबसे निर्णायक भारत और जापान की साझेदारी | **2.0** डिजिटल पार्टनरशिप शुरू करने का दोनों देशों ने किया फैसला

- पीएम मोदी का 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' का आह्वान
- आर्थिक और तकनीकी सहयोग को गहराने का संकल्प लिया



**टोक्यो/नई दिल्ली, 29 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान और चीन की चार दिन की यात्रा के पहले पड़ाव में शुक्रवार सुबह टोक्यो पहुंचे जहां उनका हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया. टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों ने सामरिक, आर्थिक और तकनीकी सहयोग को गहराने का संकल्प लिया.**

जापान ने भारत में अगले दस वर्षों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश की घोषणा की. यह भारत की आधारभूत संरचना, विनिर्माण, तकनीकी और नवाचार क्षेत्रों को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. पीएम मोदी 31 अगस्त को चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग व एक सितंबर को पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे. उस दौरान चीन में तीन सुपर पावर देशों की मुलाकात काफी अहम होगी.

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी 21वीं सदी की सबसे निर्णायक साझेदारियों में से एक है. उन्होंने जापानी उद्योग जगत को 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' का आह्वान करते हुए कहा कि जापान की तकनीक और भारत की प्रतिभा मिलकर वैश्विक तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सकती है. दोनों देशों ने डिजिटल पार्टनरशिप 2.0 शुरू करने का फैसला किया, जिसके तहत नई तकनीकों और डिजिटल नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा.

### भारत-जापान के बीच समझौते

**जापान का भारत में 10 ट्रिलियन येन (6 लाख करोड़ रुपये) निवेश.**
**डिजिटल पार्टनरशिप 2.0 :** नई तकनीक और डिजिटल नवाचार में सहयोग.
**एआई कोऑपरेशन इनिशिएटिव :** कृत्रिम बुद्धिमत्ता में साझा शोध.
**सस्टेनेबल फ्यूल्स इनिशिएटिव :** स्वच्छ ईंधन के विकास पर जोर.
**बैटरी सप्लाई चेन पार्टनरशिप :** ऊर्जा भंडारण और बैटरी सप्लाई को मजबूत करना.
**इकोनॉमिक सिक्योरिटी कोऑपरेशन इनिशिएटिव :** आर्थिक सुरक्षा में सहयोग. सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ मिनरल्स की आपूर्ति श्रृंखला में साझेदारी.
भारत के राज्यों और जापानी प्रांतों के बीच प्रत्यक्ष सहयोग को प्रोत्साहन.

> प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी अखबार योमीउरी शिम्बुन को दिए इंटरव्यू में कहा कि उनकी हालिया मुलाकात में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ रचनात्मक चर्चा हुई है और भारत-चीन संबंधों में सकारात्मक प्रगति हो रही है.

> प्रधानमंत्री मोदी ने टोक्यो में जापान के पूर्व प्रधानमंत्रियों फुमियो किशिदा और योशीहिदे सुगा से भी मुलाकात की. बातचीत में सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, व्यापार और मानव संसाधन गतिशीलता जैसे मुद्दे प्रमुख रहे.

## भारत की अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत बढ़ी

- कृषि और सेवा क्षेत्र का बेहतरीन प्रदर्शन

**नयी दिल्ली, 29 अगस्त (वार्ता). कृषि और सेवा क्षेत्र के दमदार प्रदर्शन से चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गयी.**

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि पहली तिमाही में स्थिर मूल्य पर देश का जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 44.42 लाख करोड़ से 7.8 प्रतिशत अधिक है. यह वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि दर है. वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रही थी. चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जिन क्षेत्रों में बड़ी वृद्धि दर्ज की गयी उनमें कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्य पालन की विकास दर 3.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले यह 1.5 प्रतिशत रही थी. वित्त, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की विकास दर 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गयी.

### वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 10.2 प्रतिशत रही थी

पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 7.7 प्रतिशत रही जो पिछले साल समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत पर थी. लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं की विकास दर 9.0 प्रतिशत से बढ़कर 9.8 प्रतिशत पर पहुंच गयी. बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाओं की विकास दर में बड़ी गिरावट देखी गयी और यह 0.5 प्रतिशत पर आ गयी. पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 10.2 प्रतिशत रही थी. खनन क्षेत्र की विकास दर शून्य से 3.1 प्रतिशत नीचे रही यानि इस क्षेत्र में गतिविधियों में गिरावट रही. एक साल पहले इसकी विकास दर 6.6 प्रतिशत रही थी.

## अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने तैयार

### उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस बोले - भयानक हादसा हुआ तो मैं तैयार हूं



**नयी दिल्ली, 29 अगस्त. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सेहत को लेकर उठ रही चर्चाओं के बीच उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने बड़ा बयान दिया है. वेंस ने कहा कि अगर कोई भयानक हादसा हो जाए, तो वह अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि 79 वर्षीय ट्रंप की सेहत बहुत अच्छी है और वह पूरे कार्यकाल को पूरी ताकत से निभाएंगे.**

एक एजेंसी को दिए इंटरव्यू में 41 वर्षीय वेंस ने कहा कि ट्रंप की ऊर्जा और कार्यक्षमता अद्भुत है. उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि राष्ट्रपति अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और अमेरिकी जनता के लिए बड़े काम करेंगे. वेंस ने अब तक के 200 दिनों के अनुभव को राष्ट्रपति पद की तैयारी बताया और कहा, अगर कोई हादसा हो जाए, तो मैं तैयार हूं.

जेडी वेंस का यह बयान उस वक्त आया जब ट्रंप के हाथ पर एक बड़ा नीला निशान देखा गया, जिससे उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर अटकलें तेज हो गईं.

> ट्रंप अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने जनवरी 2025 में पद की शपथ ली. उनसे पहले जो बाइडन ने 78 साल की उम्र में यह जिम्मेदारी संभाली थी. ट्रंप ने भी हाल ही में वेंस को अपने एमएजीए आंदोलन का संभावित उत्तराधिकारी बताया था. हालांकि, वेंस ने 2028 की चुनावी योजनाओं पर कोई टिप्पणी करने से इनकार किया और कहा कि उनका ध्यान फिलहाल मौजूदा जिम्मेदारियों पर है.

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ मुलाकात के दौरान ट्रंप के हाथ पर यह निशान दिखाई दिया था.

## सुको एक सितंबर को बिहार एसआईआर पर याचिकाओं की करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली, 29 अगस्त.** उच्चतम न्यायालय ने बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित याचिकाओं पर एक सितंबर को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की जिनमें दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गयी है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा औपचारिक अनुरोध के बाद मामले की सुनवाई को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कई अन्य राजनीतिक दल मसौदा मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की एक सितंबर की समय सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं.

## असत्य और हिंसा नहीं टिकेगी : राहुल

- संविधान की रक्षा की अपनी यात्रा हम जारी रखेंगे



**नयी दिल्ली, 29 अगस्त (वार्ता). कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में की गयी तोड़फोड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी राह सत्य, अहिंसा और संविधान बचाने की है और इन सब विपरीत स्थितियों के बाद भी वह संविधान रक्षा की अपनी यात्रा जारी रखेंगे.**

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते. मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे. सत्यमेव जयते.

इस बीच कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने कहा मतदाता अधिकार यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता और उनके ख़िलाफ़ उभरती जनभावनाओं से बौखलाकर, भाजपा ने एक बार फिर हमें डराने-धमकाने के लिए अपने गुंडों को छोड़ दिया है. बिहार में पटना के सदाकत आश्रम स्थित हमारे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राज्य सरकार के एक कैबिनेट मंत्री और अन्य भाजपा नेताओं के नेतृत्व में हुआ हमला एक कायरतापूर्ण कृत्य है और इस तरह के कृत्य हमें मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के नाम पर चल रहे व्यापक वोट चोरी का पर्दाफ़ाश करने से नहीं रोक सकते.

> उन्होंने कहा कि भाजपा को अपने पतन और बिहार की जनता का उसके खिलाफ बढ़ते आक्रोश का आभास हो गया है और उसकी हताशा सीमा से पार हो रही है. किसी पार्टी कार्यालय पर हमला होना राजनीतिक गुंडागर्दी का निकृष्टतम रूप है और इसे कभी माफ़ नहीं किया जा सकता. लोकतंत्र में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और भाजपा की यह बर्बरता उसके असली चाल और चरित्र को उजागर करती है.

## टीएमसी विधायक अतिन घोष के घर सीबीआई का छापा

- आरजी कर मेडिकल कॉलेज से जुड़ा मामला

**नयी दिल्ली,29 अगस्त. कोलकाता नगर निगम के डिप्टी मेयर और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक अतिन घोष के घर शुक्रवार दोपहर 2.15 बजे सीबीआई ने छापा मारा. यह कार्रवाई आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए भ्रष्टाचार और 9 अगस्त 2024 को एक महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार व हत्या मामले से जुड़ी है.**

अतिन घोष उस समय अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के सदस्य थे. सीबीआई यह जानना चाहती है कि उस दौरान अस्पताल में किस तरह का घोटाला हुआ. इस प्रकरण में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे.

याद दिला दें कि इस जघन्य अपराध के आरोपी संजय रॉय को सियालदह कोर्ट ने 20 जनवरी 2025 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी. हालांकि, सीबीआई ने कोलकाता हाईकोर्ट से मृत्युदंड की मांग की है. आरोपी ने भी सेशन कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है. घटना के बाद से डॉक्टरों ने कई बार न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था.

## पंजाब में पिस्तौल हेरोइन, ड्रोन ज़ब्त

**जालंधर, 29 अगस्त (वार्ता).** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब सीमा पर कई अभियानों में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया और पिस्तौल, हेरोइन सहित ड्रोन बरामद किया. बीएसएफ जवानों ने अमृतसर के अटारी गांव के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा. उसे आगे की जांच के लिए पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया है. एक अन्य मामले में बीएसएफ जवानों ने अमृतसर के एएनटीएफ के सहयोग से एक संदिग्ध क्षेत्र में घात लगाकर हमला किया और बाद में एक तस्कर को 563 ग्राम हेरोइन के एक पैकेट और एक बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया.

## सीएम आज ग्वालियर में टूरिज्म कॉन्क्लेव में करेंगे शिरकत

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर. ग्वालियर में शुक्रवार को रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव से पूर्व ग्वालियर-चंबल और सागर क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने पर गहन मंथन हुआ.**

शनिवार सुबह 10 बजे कॉन्क्लेव का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुभारंभ करेंगे एवं टूरिज्म इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों एवं निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित रहेंगे.

कॉन्क्लेव में नई परियोजनाओं की शुरुआत भी होगी. इनमें हस्तशिल्पों की मार्केटिंग में संस्था डेलबर्टो महत्वपूर्ण साझेदारी होगी. इस साझेदारी से हस्तशिल्प प्रेमी एक विशेष ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म के जरिए सीधे हमारे कारीगरों से जुड़कर उनके द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट और प्रामाणिक उत्पाद घर बैठे ही खरीद सकेंगे.

## राजीव शुक्ला बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष बने



**नयी दिल्ली,29 अगस्त. एशिया कप 2025 से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में बड़ा बदलाव हुआ है. अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने पद से इस्तीफा दे दिया है. उनकी जगह उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है. शुक्ला ने बुधवार को हुई शीर्ष परिषद की बैठक की अध्यक्षता भी की. बताया जा रहा है कि नए अध्यक्ष का चुनाव सितंबर में होगा.**

दरअसल, लोढ़ा समिति की सिफारिशों के तहत बीसीसीआई पदाधिकारियों की अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष तय है. बिन्नी का जुलाई में 70वां जन्मदिन पूरा होने के कारण उन्हें पद छोड़ना पड़ा. बैठक में मुख्य रूप से ड्रीम11 के प्रायोजक हटने के बाद नए प्रायोजक की तलाश पर चर्चा हुई. 9 सितंबर से एशिया कप शुरू होना है, लेकिन समय की कमी के चलते फिलहाल स्थायी प्रायोजक ढूंढना बड़ी चुनौती बना हुआ है. बता दें कि राजीव शुक्ला इससे पहले आईपीएल अध्यक्ष और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष रह चुके हैं. 2020 में वे निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए थे.

**याचिका पर सुनवाई** | क्या बंगाली बोलने वाले विदेशी होंगे : सुप्रीम कोर्ट

## बंगाली को विदेशी मानने की धारणा पर मांगा स्पष्टीकरण



**नई दिल्ली, 29 अगस्त (वार्ता). उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा कि क्या किसी विशेष भाषा के इस्तेमाल से किसी के साथ विदेशी नागरिक की तरह पेश आया जा सकता है?**

न्यायालय ने यह स्पष्टीकरण तब मांगा जब वह एक जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया था कि बंगाली मुस्लिमों को विदेशी नागरिक मानकर अवैध रूप से हिरासत में रखा गया. न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने पश्चिम बंगाल प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की दलीलों को सुनने के बाद यह प्रश्न उठाया.

वकील भूषण ने न्यायालय को बताया कि एक गर्भवती महिला को जबरन देश से बाहर कर दिया गया क्योंकि वह बंगाली बोलती है. उन्होंने अपनी दलील में कहा कि बंगाली भाषा बांग्लादेश में भी बोली जाती है, इसलिए जो लोग बंगाली बोलते हैं वह बांग्लादेशी है, यह तर्क दिया जा रहा. सवाल उठाया कि कैसे अधिकारी किसी को निर्वासित कर सकते हैं कि बिना यह तय किए कि वह व्यक्ति विदेशी नागरिक है कि नहीं.

भूषण ने आगे अपनी याचिका में कहा कि निर्वासन बिना बांग्लादेश के साथ समझौता किए नहीं किया जा सकता है, उन्होंने कहा कि कोई भी भारतीय अधिकारी किसी भी व्यक्ति को देश से बाहर नहीं भेज सकता है, जब तक दूसरे देश की स्वीकृति की शर्तें तय नहीं हो जाती. पीठ ने कई तथ्यात्मक मुद्दे पर गौर किया और सुझाव दिया कि यह मामला संबंधित उच्च न्यायालय के समक्ष रखा जा सकता है. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जनहित याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि यह याचिका किसी व्यक्ति द्वारा नहीं बल्कि एक संस्था के द्वारा दी गई है.

### राम सेतु मामले में केंद्र को नोटिस जारी

उच्चतम न्यायालय ने राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के आग्रह वाली पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी की एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया. स्वामी चिकित्सा कारणों से सुनवाई के समय उपस्थित नहीं हो सके और पीठ के समक्ष उनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील विभा मखीजा ने किया.

## पीएम को अपशब्द बोलने वाला रिजवी गिरफ्तार



**दरभंगा, 29 अगस्त (वार्ता). वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक सभा के मंच से आपत्तिजनक शब्द बोलने के मामले में दरभंगा जिले की पुलिस ने पच्चीस वर्षीय मोहम्मद रिजवी उर्फ राजा नमक युवक को गिरफ्तार किया है.**

दरभंगा के नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में सिमरी थाना क्षेत्र के बिठौली के समीप स्वागत के लिए बने बैनर लगे मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्द बोलने के मामले में साइबर जांच और वीडियो फुटेज के आधार पर यह गिरफ्तारी हुई है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में दरभंगा पुलिस ने भवानीपुर पंचायत भपुरा गॉव निवासी अनीश कुरैशी के पुत्र मोहम्मद रिजवी उर्फ राजा को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 27 अगस्त को महागठबंधन के नेताओं द्वारा आयोजित वोट अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने का वीडियो वायरल हुआ था.

### एक नजर में



#### उर्जित की आईएमएफ में नियुक्ति की मंजूरी

**नयी दिल्ली.** केंद्र सरकार ने प्रख्यात अर्थशास्त्री और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है. डॉ. पटेल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, इस पद पर बने रहेंगे. उनकी नियुक्ति का आदेश गुरुवार को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने जारी किया. आरबीआई के 24वें गवर्नर रहे श्री पटेल का आर्थिक नीति और वित्तीय कामकाज में एक विशिष्ट करियर रहा है. अब आईएफएफ में उनकी नयी भूमिका उन्हें वैश्विक वित्तीय नीति निर्माण के लिए काम करने का अवसर देगी. श्री पटेल इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के हितों का प्रतिनिधित्व करेंगे.

#### सीबीआई ने वापस लिया 30 साल पुराना मुकदमा

**पटना.** बिहार की राजधानी पटना की एक विशेष अदालत में लगभग 30 साल से लंबित एक मुकदमे को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने वापस ले लिया जिसके बाद अदालत ने 90 वर्षीय एक अभियुक्त को दोष मुक्त कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी की अदालत में यह मुकदमा वर्ष 1995 से लंबित था। इस मुकदमे की प्राथमिकी आर सी 01/ 1995 के रूप में छह जनवरी 1995 को सीबीआई ने दर्ज की थी। इस मामले में तीन लोगों को अभियुक्त बनाया गया था, जिनमें ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के एक विकास पदाधिकारी, एक प्लाईवुड फैक्ट्री के पार्टनर मनोहर शर्मा और एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म के पार्टनर को नामजद अभियुक्त बनाया गया था.

#### उत्तराखंड में बादल फटने से 8 की मौत, कई लापता

**नयी दिल्ली.** उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश ने चारों ओर तबाही मचा दी है. जिसमें चमोली, रुद्रप्रयाग, नई टिहरी और बागेश्वर जिलों में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग लापता हैं. बागेश्वर के पोसारी गांव में भूस्खलन से एक भवन ढह गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई. चमोली के देवाल मोपाटा गांव में मलबे में दबकर एक दंपती की जान चली गई. सूत्रों के अनुसार रुद्रप्रयाग में बादल फटने से कई घर व वाहन मलबे में दब गए, जहां एक महिला की मौत हुई और आठ लोग लापता हैं, जिनमें चार नेपाली श्रमिक शामिल हैं, उत्तरकाशी में गंगोत्री व यमुनोत्री हाईवे बंद हैं, जबकि पौड़ी में अलकनंदा नदी का पानी बदरीनाथ हाईवे तक पहुंच गया है.

### गुस्ताखी माफ

